हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 9 मार्च, 2022/18 फाल्गुन, 1943 (शक्)

[जल शक्ति मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 38

रिक्तियां

2028 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला शिमला में कृषि विभाग के जिला कार्यालय, खण्ड कार्यालय व विभाग से सम्बन्धित अन्य कार्यालयों में कितने पद सृजित व रिक्त हैं; रिक्त पदों का अवधिवार व कार्यालयवार ब्यौरा दें?

भवन निर्माण कार्य

2029 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जुब्बल-कोटखाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामनगर, राथल, झड़ग-नकराड़ी, सन्सोग और जौणी के भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है; यदि हां, तो इन भवनों का निर्माण कब प्रारम्भ किया गया; इन पर कितनी धनराशि व्यय हो चुकी है; इन कार्यों का संस्थानवार अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें; और

(ख) इन भवनों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा?

प्राकृतिक खेती

2030 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला शिमला में कितने किसान / बागवान ऑर्गेनिक (प्राकृतिक) खेती कर रहे हैं; और

(ख) सरकार किसानों / बागवानों को ऑर्गेनिक खेती के लिए प्रोत्साहन देने हेतु कोई योजना चला रही है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

परियोजना प्रभावितों को भुगतान

2031 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि किन्नौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कल्पा पंचायत को एच0पी0पी0सी0एल0 द्वारा 500 दिनों के एवज़ में जो धनराशि देनी थी, वह एक-मुश्त नहीं दी जा रही है जबकि अभी तक केवल 100 दिन का ही भुगतान हुआ है; क्या बकाया भुगतान ब्याज सहित एक-मुश्त अदा कर दिया जाएगा; और

(ख) यह भी सत्य है कि एक-मुश्त भुगतान इससे पूर्व में सभी प्रभावित पंचायतों को दे दिया गया है व नियमों में भी एक-मुश्त भुगतान करने का प्रावधान है; इसके बावजूद भी क्यों एक-मुश्त भुगतान कल्पा पंचायत को नहीं किया जा रहा है; कारण सहित ब्यौरा दें?

सी0एस0आर0

2032 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक सी0एस0आर0 के तहत एन0जे0पी0सी0 ने किन्नौर में कितनी धनराशि व्यय की है; ब्यौरा वर्षवार, योजनावार व गांववार दें;

(ख) इस अवधि में एन0जे0पी0सी0/एस0जे0वी0एन0एल0 का सी0एस0आर0 का वार्षिक बजट कितना था; वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ग) इसी अवधि में एन0जे0पी0सी0/एस0जे0वी0एन0एल0 का सालाना लाभांश क्या था व उस पर सालाना सी0एस0आर0 कितना बनता था; वर्षवार ब्यौरा दें?

सी0एस0आर0

2033 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) ज़िला किन्नौर में बिजली बोर्ड के कितने प्रोजैक्ट हैं; इन प्रोजैक्टों से सालाना लाभांश क्या है; और

(ख) सी0एस0आर0 कानून के तहत एच0पी0एस0बी0एल0 नहीं आता है; यदि हां, तो आज तक सी0एस0आर0 कानून के तहत कितनी धनराशि गत 3 वर्षों में प्रदेश में व ज़िला किन्नौर में सी0एस0आर0 गतिविधियों के तहत एच0पी0एस0बी0एल0 ने व्यय की है; योजनावार ब्यौरा दें?

मत्स्य पालन

2034 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक श्री रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मत्स्य पालन हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; इस क्षेत्र में कौन-कौन सी परियोजनाएं चलाई जा रही हैं तथा कितने लाभार्थियों को इसका लाभ मिला; ब्यौरा लाभार्थियों के नाम व व्यय की गई धनराशि सहित दें?

निविदाएं

2035 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक विद्युत विभाग द्वारा सिरमौर जिला में विभिन्न कार्यों हेतु कितनी निविदाएं आमंत्रित की गईं; विवरण कार्यवार, ठेकेदारों के नाम व व्यय की गई धनराशि सहित दें?

विस्थापितों को रोजगार

2036 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार रेणुका बांध परियोजना से विस्थापित हुए परिवारों के व्यक्तियों को रोजगार देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; इस परियोजना के निर्माण हेतु कितनी भूमि का अधिग्रहण किया

गया; विस्थापितों का ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

नई पंचायतें

2037 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में हाल ही में कितनी नई पंचायतें बनाई गईं तथा उन पंचायतों के भवनों के निर्माण हेतु कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत व जारी की गई; ब्यौरा दें?

भवनों का ब्यौरा

2038 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने वेटरिनरी अस्पताल व डिस्पेंसरियों के अपने भवन हैं व कितने निजी भवनों में चल रहे हैं; ब्यौरा दें?

मेंहदली सब्जी मण्डी

2039 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निर्माणाधीन मेंहदली सब्जी मण्डी के लिए भूमि कितनी धनराशि में व कब अधिगृहित की गई थी; इसका निर्माण कार्य कब प्रारम्भ हुआ व कितना शेष है; ब्यौरा दें?

कृषि कार्यालय

2040 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कृषि विभाग के कितने कार्यालय हैं; कार्यालयवार व नामवार पूर्ण ब्यौरा दें;

(ख) इन सभी संस्थानों के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत हुई तथा कितनी धनराशि व्यय हुई व कितनी शेष है; और

(ग) कृषि विभाग कार्यालय में कितने पद भरे व कितने रिक्त हैं; पदवार पूर्ण ब्यौरा दें?

भवनों का ब्यौरा

2041 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत तहसील चौपाल, नेरवा, कुपवी व उप-तहसील देहा में कितने तहसील भवन, कानूनगो कार्यालय तथा पटवारखाने हैं तथा कितनों के भवन बनने प्रस्तावित हैं; इन सभी भवनों के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत तथा व्यय हो चुकी है व कितनी धनराशि शेष है; भवनों के नाम स्थान व शेष धनराशि सहित ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

2042 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत चौपाल, कुपवी व ठियोग विकास खण्ड में पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, कनिष्ठ अभियन्ता, एस0डी0ओ0, बी0डी0ओ0, पंचायत निरीक्षक, एस0ई0बी0पी0ओ0, अधीक्षक, लिपिक व रसोइये इत्यादि विभिन्न श्रेणियों के कहां-कहां व कब से पद रिक्त पड़े हैं; सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; रिक्त पदों का ब्यौरा तिथिवार, पदवार व वर्षवार दें?

पाठशालाओं का ब्यौरा

2043 **श्री भवानी सिंह पठानिया(फतेहपुर) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) फतेहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में शिक्षकों व गैर-शिक्षकों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; पाठशालावार व पदवार ब्यौरा दें; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा;

(ख) गत 3 वर्षों में इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत शिक्षा विभाग ने स्कूल भवनों के निर्माण कार्य हेतु कितनी धनराशि आबंटित की है; ब्यौरा वर्षवार दें;

(ग) राजकीय महाविद्यालय रे व देहरी में शिक्षक व गैर-शिक्षक स्टाफ के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; ब्यौरा पदवार दें; और

(घ) क्या सरकार निकट भविष्य में इन पदों को भरने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; पूर्ण ब्यौरा दें?

15वें वित्तायोग में स्वीकृत धनराशि

2044 **श्री भवानी सिंह पठानिया (फतेहपुर)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि विकास खण्ड फतेहपुर के लिए पन्द्रहवें वित्तायोग के अन्तर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; इस धनराशि का व्यय मदवार दें; जो धनराशि उपयोग में नहीं लाई गई, उसका कारण सहित ब्यौरा दें?

शाह नहर परियोजना

2045 **श्री भवानी सिंह पठानिया (फतेहपुर)ः**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक शाह नहर परियोजना पर एनुअल मेंटिनेस प्लान के अन्तर्गत कितनी धनराशि व्यय हुई; वर्षवार और मदवार ब्यौरा दें?

प्रतिनियुक्ति

2046 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में शिक्षा विभाग के अन्तर्गत कितने शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं; सरकार इन प्रतिनियुक्तियों को रद्द करने का विचार रखती है; कर्मचारियों का ब्यौरा पदवार व जिलावार दें?

नकदी फसलें

2047 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) जिला कांगड़ा में कौन-कौन सी नकदी फसलें उगाई जा रही हैं; विवरण दें; और

(ख) सरकार द्वारा नकदी फसलों के प्रोत्साहन हेतु किसानों को किस प्रकार की सहायता प्रदान की जा रही है; विवरण दें?

गौ सम्वर्धन बोर्ड

2048 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में गौ सम्वर्धन बोर्ड का गठन कब किया गया तथा वर्तमान में इसके अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष कौन हैं;

(ख) गौ सम्वर्धन बोर्ड द्वारा प्रदेश में कितने गाय अभ्यारण्य तथा कितनी गौशालाएं खोली गई हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) इन गौ अभ्यारण्यों एवं गौशालाओं में कितने गौधन को संरक्षण प्रदान किया जा रहा है तथा इन अभ्यारण्यों एवं गौशालाओं के निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

राजकीय महाविद्यालय बड़ोह

2049 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजकीय महाविद्यालय बड़ोह जिला कांगड़ा के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है तथा कितनी व्यय की गई; ब्यौरा दें?

सामाजिक सुरक्षा पेंशन

2050 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा)ः**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक तहसील बड़ोह, नगरोटा बगवां तथा कांगड़ा में नगरोटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की पंचायतों के अन्तर्गत कितने लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की गई; पंचायतवार, नामवार व पते सहित ब्यौरा दें?

डिविजनल कमिश्नर द्वारा दौरे

2051 **श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना)ः**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक राजस्व विभाग के डिविज़नल कमिश्नर ने ऊना जिला के कितने दौरे किए व कितने मामलों की सुनवाई की; इनमें से कितने मामले हल किए गए व कितने लम्बित हैं; और

(ख) ऐसे कितने मामले हैं जिन पर सुनवाई नहीं की गई; ब्यौरा मामलावार व मामलों से सम्बन्धित व्यक्तियों के नाम व पते सहित दें?

पार्ट टाइम वर्कर

2052 श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पटवार वृत्तों में कार्यरत पार्ट टाइम वर्करों को 4100 रुपये मानदेय दिया जाता है जबकि अन्य विभागों में 4500 रुपये;

(ख) सरकार इन पार्ट टाइम वर्करों का मानदेय भी अन्य विभागों में कार्यरत पार्ट टाइम वर्करों के बराबर करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ग) सरकार प्रदेश के विभिन्न विभागों में कार्यरत पार्ट टाइम वर्करों को मिलने वाले मानदेय को बढ़ाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

Kandaghat Sabji Mandi

2053 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state that what is the latest position of construction of Sabji Mandi at Kandaghat?

Private Universities

2054 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that a number of Private Universities have been opened in the State; and

(b) if yes, whether norms to keep Himachalis, as per MOU, being followed and whether pay and allowances to the employees are being paid accordingly; details be given?

राजकीय प्राथमिक पाठशाला स्यावां भवन

2055 **श्री संजय अवस्थी (अर्की)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला स्यावां (कुनिहार) का भवन क्षतिग्रस्त हो गया है; यदि हां, तो इसकी मरम्मत कब तक करवा दी जाएगी?

अप्रयुक्त भूमि

2056 **श्री संजय अवस्थी (अर्की)ः**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बागवानी विभाग के पास किन-किन जगहों पर कितनी भूमि है; विभाग द्वारा किन-किन स्थानों पर भूमि उपयोग में लाई गई है व किन-किन स्थानों पर अप्रयुक्त पड़ी है; ब्यौरा दें?

ट्रांसफार्मर

2057 **श्री संजय अवस्थी (अर्की)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दाड़लाघाट व अन्य क्षेत्रों जैसे भराड़ीघाट, चण्डी-ग्याना, धुन्धन और आसपास के क्षेत्रों हेतु सरकार 16 एम0वी0ए0 या उससे अधिक क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

Pastoral Households

2058 **Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) how many Pastoral Households exist in the State; District-wise and Community-wise details be given;

(b) how many migratory large and small cattle/ruminants are existing in the State; District-wise details be given; and

(c) what is the total pastoral economy / turnover of Himachal Pradesh; District-wise and animal / cattle / head-wise details be given?

भवन निर्माण

2059 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर)ः

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय डैहर कब स्थापित किया गया था व इस महाविद्यालय की कितनी कक्षाएं किस भवन में चल रही हैं; सरकार द्वारा महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए क्या पग उठाए गए हैं तथा कब तक भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

भर्ती

2060 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर)ः

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक बिलासपुर स्थित एन0टी0पी0सी0 कोलडैम में किस-किस श्रेणी के कितने-कितने पद भरे गए; और

(ख) ये पद किस माध्यम से भरे गए; यदि आउटसोर्स माध्यम से भरे गए तो सर्विस प्रोवाइडर व कर्मचारियों के नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

एन0एच0पी0सी0 चरण-II व III

2061 श्री सुरेन्द्र शौरी(बन्जार) :

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एन0एच0पी0सी0 चरण-II व III में स्थायी रोजगार, मुआवजे व विस्थापन का स्थायी समाधान करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक;

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एन0एच0पी0सी0 के चरण-II व III में कितने नए लोगों को स्थायी व अस्थायी (आउटसोर्स) तौर पर रोजगार दिया गया है; ब्यौरा दें; और

(ग) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.01.2022 तक इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एन0एच0पी0सी0 अधिकृत पार्वती चरण-II व III सी0एस0आर0 के तहत कितनी धनराशि स्वीकृत व कहां-कहां व्यय की गई; ब्यौरा वर्षवार दें; जिन कार्यों हेतु धनराशि व्यय हुई उन कार्यों का योजनावार ब्यौरा दें?

पाठशालाओं का उन्नयन

2062 श्री मुलख राज (बैजनाथ)ः

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक सरकार द्वारा प्रदेश में कुल कितनी प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च पाठशालाओं का उन्नयन किया गया; और

(ख) बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में इस अवधि में कुल कितनी और कौन-कौन सी पाठशालाओं का उन्नयन किया गया; पाठशालावार ब्यौरा दें?

Regularisation of Jal Rakshaks

2063 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) whether Government is considering to frame any policy for regularisation of Jal Rakshaks engaged through Panchayati Raj Department in the State;

(b) whether these Jal Rakshaks will be merged in the Jal Shakti Department; and

(c) if yes, by what time; details be given?

Domestic Animals Electrocuted

2064 Sh. Rakesh Singha (Theog):

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 2 years upto 01.02.2022, how many domestic animals have been electrocuted in the Theog Assembly Constituency by snapping of the electricity conductors; how many reports have been lodged with the HPSEBL and the police; has the HPSEBL made any compensation to the owner of the animals; if not, the reason for the same; and

(b) what is the reason for the frequent snapping of the electricity conductors; has the HPSEBL taken any steps to improve it; details be given?

Sanctioned Strength

2065 Sh. Nand Lal (Rampur):

Will the **Education Minister** be pleased to state that what is the total number of sanctioned post of teaching/non-teaching staff in different education institutions in Rampur Assembly Constituency; how many are vacant and by when the vacant posts will be filled-up?

Yash Paul Sharma,

Secretary.